हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42.5 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

11 अंतरसदनीय वालीबॉल प्रतियोगिता में करियप्पा सदन ने मारी बाजी



12 सीजन का सबसे गर्म दिन रहा शुक्रवार, पहली बार पारा पहुंचा 42 डिग्री के पार



## रेवाड़ी में हैफेड तथा बावल व कोसली में वेयर हाउस कर रहा सरसों की एमएसपी पर खरीद

# सरसों व गेहूं की रिकॉर्ड आवक, किसानों के खाते में गेहूं व सरसों की 150 करोड़ से अधिक की पेमेंट पहुंची

- रेवाड़ी व कोसली में हैफेड ने 17605 एमटी गेहूं भी खरीदा

हेमंत शर्मा ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी में लगी गेहूं की ढेरी, रेवाड़ी अनाजमंडी में सरसों की ढेरी बनाते हुए मजदूर। फोटो :हरिभूमि

जिले की रेवाड़ी, बावल व कोसली अनाजमंडियों में सरसों व गेहूं की भारी आवक हो रही है। जिले में गत दिवस तक कुल 48767.3 मीट्रिक टन सरसों की आवक और 47866.8 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 33691.31 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। वहीं गेहूं की 26818.98 मीट्रिक टन आवक तथा 25980.43 मीट्रिक टन खरीद हुई है,जबकि 15226 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। खरीदी गई सरसों व गेहूं की फसलों का किसानों के खातों में करोड़ों रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। रेवाड़ी अनाजमंडी में सरसों व गेहूं की सरकारी खरीद हैफेड, बावल में हरियाणा वेयर हाउस तथा कोसली में सरसों की खरीद वेयर हाउस व गेहूं की खरीद हैफेड व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से की जा रही है। हैफेड व वेयर हाउस की ओर से खरीदी गई फसल का उठान होने पर अब तक करीब 150 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों के खातों में किया जा चुका है।

### रेवाड़ी व बावल में सरसों खरीद की डिटेल

हैफेड की ओर से रेवाड़ी अनाजमंडी में केंद्रीय एजेंसी के लिए 6009 किसानों से 10610 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई थी, जिसमें 10436 एमटी सरसों का उठान हो चुका है। खरीद गई सरसों के लिए किसानों को 62.09 करोड़ का भुगतान भी किया जा चुका है।

इसके अलावा हैफेड स्टेट के लिए 17 अप्रैल तक 949 किसानों से 7073.50 एमटी सरसों की खरीद कर चुकी है, जिसमें 2308.64 एमटी सरसों की लिफ्टिंग हो चुकी है तथा 4764.86 एमटी सरसों का उठान प्रोसेसिंग में है। इसमें किसानों को 1922.265 एमटी सरसों की 11.43 करोड की पेमेंट की जा चुकी है। बावल में वेयर हाउस के परजेजर सुरेन्द्र ने बताया कि अभी तक 2431 किसानों ने 1 लाख 9 हजार बैग सरसों की खरीद की गई है, जिसमें 95000 कट्टों का उठान हो चुका है तथा 14000 कट्टों का उठान प्रोसेसिंग में है। वेयर हाउस की ओर से इन किसानों को करीब 25 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। कोसली अनाजमंडी में वेयर हाउस के परचेजर जगदीश बांगड़ ने बताया कि 17 अप्रैल तक करीब 9 हजार किसानों से 5 लाख 40 हजार बैग सरसों खरीदी गई, जिसमें 4 लाख बैग का उठान हो चुका है। उठान की गई 80 प्रतिशत सरसों का किसानों को करोड़ों रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

### रेवाड़ी व कोसली में गेहूं खरीद का भुगतान

हैफेड की ओर से 17 अप्रैल तक 825 किसानों से रेवाड़ी अनाजमंडी में 6440 एमटी गेहूं की एमएसपी पर खरीद की जा चुकी है, जिसमें 4059 एमटी का उठान हो चुका है तथा 2381 एमटी गेहूं का उठान होना बाकी है। हैफेड की ओर से रेवाड़ी में 3724.75 एमटी गेहूं का 9.03 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। इसके अलावा हैफेड की ओर से कोसली अनाजमंडी में 11165.60 एमटी गेहूं खरीदा गया, जिसमें 8640.40 एमटी का उठान किया गया है, जबकि 2525.20 एमटी गेहूं का उठान बाकी है। कोसली में 7719 एमटी गेहूं का 18.71 करोड़ का भुगतान किया गया है।

### जल्द खाते में डाले जाएंगे बाकी किसानों के पैसे

*फसल खरीद के बाद पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। इसके बाद चंडीगढ़ से पास किया जाता है। उसके बाद जिले की खरीद का मिलान करके किसानों के खाते में पैसे डाल दिए जाते है। जिन किसानों की पेमेंट नहीं हुई उनके खाते में जल्द पैसे डाले जाएंगे।*

*-प्रवीण कुमार, डीएम हैफेड रेवाड़ी।*

## खबर संक्षेप

### कोठरी का ताला तोड़कर सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** भटसाना में चोर एक ट्यूबवेल पर बनी कोठरी का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान व बिजली केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत दीपक ने बताया कि जब वह सुबह के समय अपने ट्यूबवेल पर गया तो कोठरी का ताला टूटा हुआ था। अंदर देखने पर सोलर मोटर, पानी की मोटर व बिजली की केबल गायब मिली। आसपास पूछताछ करने के बाद भी चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला। उसने पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### महिला ने फांसी से लटककर जान दी

**रेवाड़ी।** ढालियावास में करीब 34 वर्षीय महिला ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। कॉलोनी में रहने वाली रिंकू देवी काफी समय से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। उसका अस्पताल से इलाज चल रहा था। बीमारी से तंग आकर उसने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों ने पता चलने के बाद पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड पर पिकअप गाड़ी की चपेट में आकर एक बाइक चालक घायल हो गया। लालपुर की ढाणी निवासी राजेंद्र कुमार बाइक लेकर अपने गांव से कसोला चौक की ओर जा रहा था। गढ़ी बोलनी रोड पर एक समारोह स्थल के पास पिकअप गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। पिकअप चालक ने उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाया। पहले चालक ने इलाज का खर्च देने की बात कही थी, परंतु बाद में वह मुकर गया। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### कंवाली में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**डहीना।** कंवाली गांव में चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सुमेर सिंह ने बताया कि उसने बाइक घर के सामने खड़ी की थी। इसके बाद वह घर के अंदर चला गया। लगभग एक घंटा बाद जब वह घर से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। उसने पुलिस को बाइक चोरी की सूचना दी।

### चोरी के मामले में प्रोडक्शन वारंट पर

**धारूहेड़ा।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने गत 12 मार्च को थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में नूंह के फिरोजपुर नमक निवासी वारिश को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। किसी अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। आरोपी को केस की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे वापस जेल भेज दिया गया।

### घर से बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 में चोर एक मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में राजस्थान के बूढ़ी बावल निवासी ललित कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर-6 में रह रहा है। उसने रात को अपनी बाइक मकान के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठकर घर से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी।

## ट्राली चोरी करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

सीआईए धारूहेड़ा ने ट्राली चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला झज्जर के गांव सिलाना निवासी कुलदीप उर्फ कालिया के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार करके ट्राली को बरामद कर लिया था। 27 अप्रैल 2020 को गांव भटसाना निवासी देवेन्द्र ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी बास रोड स्थित बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान का शटर उखाड़ कर कोई व्यक्ति ट्रैक्टर की ट्राली चोरी करके ले गए है। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी जिला झज्जर के गांव पटोदा निवासी गब्बर व जिला हिसार के गांव कालर भैनी निवासी भजना उर्फ भजन सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई ट्राली को भी बरामद कर लिया था। सीआईए धारूहेड़ा ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी जिला झज्जर के गांव सिलाना निवासी कुलदीप उर्फ कालिया को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## रंजिश के चलते ट्रैक्टर चालक पर हमला सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया

- पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आसरा का माजरा में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक ट्रैक्टर चालक के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने उसे घायलावस्था में अस्पताल पहुंचाया।

बाद में पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उनकी गिररफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस बयान में धनराज ने बताया कि वह और उसका पिता ट्रैक्टर से कार्य करते हैं। ग्राम पंचायत ने डैम बनाने के लिए पंचायत की जमीन पब्लिक विभाग को दी है। विभाग की ओर से जमीन की खुदाई का कार्य ठेकेदार से कराया जा रहा है। वह और उसका पिता वहां से मिट्टी उठाने का कार्य कर रहे हैं। उसने आरोप लगाया कि जब वह ट्रैक्टर लेकर खुदाई वाली जगह पर पहुंचा तो धर्मबीर व उसके परिवार के 6 अन्य सदस्यों ने उस पर हमला कर दिया। उसे टैक्टर से जमीन पर गिराकर मारपीट करने लगे। इसी दौरान उसका पिता भी वहां आ गया। उसके पिता ने बचाव कराने के लिए शोर मचा दिया।

इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उसे अपनी गाड़ी में डालकर बावल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे उसे रेवाड़ी रेफर कर दिया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### पहले झगड़ा होने के बाद बनी रंजिश

धनराज ने बताया कि उसका पहले दिनेश के साथ 9 अप्रैल को झगड़ा हुआ था। इसके बाद से ही दिनेश व उसके परिवार के सदस्य उसके साथ रंजिश रखे हुए हैं। इनमें से कुछ आरोपी एक अन्य मामले में जमानत पर आए हुए हैं। यह लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दिनेश, विकास, अंकित व संजीत को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## महिला से फोन पर अभद्रता करने पर व्यक्ति पर केस दर्ज

**कोसली।** क्षेत्र के गांव की एक महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर फोन कर अभद्र बातचीत करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पति ने चार साल पहले राजपाल से एक लाख रुपये ब्याज पर लिए थे। कुछ समय बाद उधार लिए गए एक लाख रुपये वापस कर दिए थे तथा कुछ ब्याज भी दे दिया था। महिला के अनुसार आरोपी उन्हें फोन कर बकाया ब्याज के पैसे देने के लिए दबाव बनाता था तथा उसके साथ गलत काम करने का प्रस्ताव देकर ब्याज माफ करने को कहता था। गत वर्ष जुलाई में राजपाल उनकी दुकान पर आया तथा उनकी बेटी के हाथ से फोन छीन लिया।

पिछले माह मार्च में उसने कई बार फोन करके अभद्र भाषा में बात कर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने इसकी शिकायत 24 मार्च को पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने उस पर आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं की। महिला ने वीरवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी, जिसके बाद कोसली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## लोगों के सहयोग से अपराधों पर लगाया जाएगा अंकुश: विद्यासागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। विद्यासागर का स्वागत करते प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

इंस्पेक्टर विद्यासागर अब रामपुरा थाने के नए प्रभारी होंगे। इससे पहले थाने में एसआई मनीष कार्यभार देख रहे थे। विद्यासागर ने रामपुरा थाने में पदभार संभाल लिया है। शुक्रवार को रामपुरा के सरपंच नरेश यादव, समाजसेवी प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर, सरपंच हेमंत नंगली गोधा और सरपंच प्रतिनिधि दीपक यादव हुसैनपुर ने थाना प्रभारी का स्वागत किया। इंस्पेक्टर विद्यासागर ने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करके अपराधों पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों व सामाजिक संगठनों के सहयोग से नशे के खिलाफ मुहिम चलाई जाएगी।

## बिना दहेज के शादी करके पेश की समाज में मिसाल

- समाज के सभी शिक्षित लोगों से अपने बच्चों की शादी दहेज रहित करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड



रेवाड़ी। वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

गांव पीथड़ावास निवासी कृष्ण कुमार जांगिड़ में अपने सुपुत्र भूपेश जांगड़ा की दहेज रहित शादी करके समाज को संदेश दिया है। पीथड़ावास के सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम जांगिड़ ने जांगिड़ ब्राह्मण सभा खोल ब्लॉक के प्रधान कृष्ण कुमार जांगिड़ की पहल की सराहना की। हरियाणा पुलिस में सेवारत भूपेश जांगड़ा की शादी जिला झज्जर के गांव खानपुर कलां निवासी सत्यनारायण जांगिड़ की स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत पुत्री निकिता जांगिड़ के साथ हुई है। इस अवसर पर जांगिड़ ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र जांगिड़ ने नव दंपति को आशीर्वाद दिया। कि इस पहल से समाज में नई जागृति पैदा होगी और समाज के सभी लोगों को दहेज रूपी दानव से राहत मिलेगी। समाज के सभी शिक्षित लोगों से अपने बच्चों की शादी दहेज रहित करने की अपील की। इस अवसर पर बिजेंद्र कुमार जांगिड़, इंद्रपाल जांगिड व दयाराम सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## खिलाड़ियों ने स्टेट चैंपियनशिप में 3 गोल्ड, 6 सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल जीता

# स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

- विजेता खिलाड़ियों को जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महानिदेशक व पदाधिकारियों ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी।

रेवाड़ी के खिलाड़ियों ने स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में परचम लहराया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन फरीदाबाद में किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने मेडल हासिल किए। जिले के खिलाड़ियों ने स्टेट चैंपियनशिप में 3 गोल्ड, 6 सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल जीता है। विजेता खिलाड़ियों को जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महानिदेशक व पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर महानिदेशक किरणदीप व सेक्रेटरी आशा यादव ने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत व दृढ संकल्प से मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने आशा व्यक्ति करते हुए कहा कि अब खिलाड़ी राष्टीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन करके प्रदेश व जिले का नाम रोशन करेंगे।

### यह रहे प्रतियोगिता के परिणाम

प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में नंदिनी रेवाड़ी ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, जूनियर वर्ग के 59 किलोग्राम भार वर्ग में दीपांशु चिल्हड़ ने रजत, जूनियर व सीनियर वर्ग में बालधन कलां निवासी दुष्यंत ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में रजत व स्वर्ण, सीनियर महिला वर्ग में उत्तम नगर से रश्मि ने 57 किलोग्राम वजन वर्ग में रजत, सीनियर वर्ग में निखरी निवासी शिवानी यादव ने 84 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल, मास्टर्स कैटेगिरी महिला वर्ग में गांव मंदौला निवासी आशा यादव ने गोल्ड मेडल, मास्टर्स कैटेगिरी पुरुष वर्ग में निमोठ निवासी विनोद कुमार ने 83 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, सीनियर वर्ग में नयागांव निवासी रॉकी ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य तथा सीनियर 83 किलोग्राम भार वर्ग में उष्मापुर निवासी किरणदीप सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किया।

## हमारा परिवार संस्था का संस्कार निर्माण कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 20 अप्रैल को संस्कार निर्माण का कार्यक्रम राम काज किए बिना-मोहे कहा विश्राम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष डा. वीपी यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व नई दिशा युवा मंच के जिला प्रधान एडवोकेट निशांत यादव विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से विजय कुमार जांगिड महामंत्री अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण सभा, नरेन्द्र व समाजसेवी सुभाष अरोड़ा का अभिनंदन किया जाएगा।


पूरी दुनिया में 700 मिलियन से एक बिलियन कुत्ते हैं।


शुतुरमुर्ग की आंखें उसके मस्तिष्क से भी बड़ी होती हैं।

# स्पेस साइंस में बेहतर करियर के लिए करें ये कोर्स



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कारण आज नए-नए कॅरियर विकल्प युवाओं के लिए खुल रहे हैं, इन्हीं में से एक है स्पेस साइंस। क्या अनंत आकाश आपको अपनी ओर आकर्षित करता है, क्या आपमें ब्रह्माण्ड के रहस्य सुलझाने का जज्बा है, क्या धैर्य और बुद्धि आपके प्लस पॉइंट हैं। यदि हां, तो अंतरिक्ष विज्ञान आपको पुकार रहा है। देश के सैटेलाइट लॉन्चिंग का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में धाक जमने लगी है, जिसके कारण यहां के युवा वैज्ञानियों के के लिए भारतीय व विदेशी अंतरिक्ष विज्ञान के दरवाजे खुलने लगे हैं। इस समय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो न केवल भारत के उपग्रह अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर रहा है।

## आसमान का संसार

अंतरिक्ष विज्ञान वह शाखा है, जिसके अंतर्गत पृथ्वी से परे करोड़ों ग्रहों, उपग्रहों, तारों, धूमकेतुओं, आकाशगंगाओं एवं अन्य अंतरिक्षीय पिंडों का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत उन नियमों एवं प्रभावों का भी अध्ययन किया जाता है, जो इन्हें संचालित करते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में करियर उन हजारों रहस्यों से पर्दा उठाने का अवसर भी होता है, जो अभी तक अनसुलझे हैं। यह न केवल वैज्ञानिक स्वभाव की परीक्षा होती है, बल्कि आपकी जिज्ञासाएं भी स्तर-दर-स्तर शांत होती जाती हैं। इसे अपना करियर चुनने वाले जहां देश के बेस्ट ब्रेन कैटेगरी में शुमार किए जाते हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बुद्धिजीवी के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान बनती है।

### क्या है स्पेस साइंस

स्पेस साइंस या स्पेस टेक्नोलॉजी बहुत बड़ा क्षेत्र है। इसके तहत एस्ट्रोनॉमी व एस्ट्रोफिजिक्सए प्रामेट्री एटमॉस्फियर और एयरोनॉमीए अर्थ साइंसेस और सोलर सिस्टम की पढ़ाई आती है। आज के दौर में स्पेस साइंस की कई सब-ब्रांचेज भी हैं। इनमें से मुख्य है कॉस्मोलॉजी, स्टेलर साइंस, प्लेनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोलॉजी आदि। साइंस और इंजीनियरिंग की ये शाखाएं अंतरिक्ष के चारों तरफ घूमती हैं।

## जरूरी योग्यताएं

अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 11वीं कक्षा में गणित विषय लेना होगा, 12वीं गणित में उत्तीर्ण करने के बाद आपको बीएससी की डिग्री लेनी होगी, जहां आपके विषयों में फिजिक्स एवं गणित भी होना जरूरी है। साइंस से स्नातक होने के बाद आप एस्ट्रोनॉमी थ्योरी या एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेशन कोर्स चुन सकते हैं। वहीं मास्टर्स डिग्री के बाद विशिष्ट कोर्सेज में प्रवेश लिया जा सकता है। यदि आप बारहवीं के बाद इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन में बीई करते हैं, तो आप इंस्ट्रूमेंट एस्ट्रोनॉमी या एक्सपेरिमेंटल एस्ट्रोनॉमी के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ने पर आगे एस्ट्रोनॉमी में पीएचडी भी कर सकते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश में केवल मास्टर स्तर व पीएचडी प्रोग्राम ही विश्वविद्यालयों में सामान्यत उपलब्ध हैं। वहीं एक वर्षीय ज्वॉइंट एस्ट्रोनॉमी प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू चलाती है। यह प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, रमण रिसर्च इंस्टीट्यूट और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के साथ मिलकर चलाया जाता है। कोर्स की समाप्ति के बाद आपको इन्हीं इंस्टीट्यूट्स में से एक में पीएचडी की भी ऑफर दी जाती है।

### एस्ट्रोनॉट बनने के लिए यह गुण जरूरी

एस्ट्रोनॉट बनने के लिए कई गुण बहुत जरूरी है, उसमें से एक है आकाश में तारों के पैटर्न, उनकी हलचल आदि का अध्ययन करना। यह बहुत लंबा और समय लेने वाला पेचीदा काम है। इसलिए धैर्य इस पेशे का पहला व सबसे जरूरी गुण भी है। वहीं अगली बेहद जरूरी विशेषता आपका जिज्ञासु होना है। इस फील्ड में पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से रहस्यमयी प्रश्नों के उत्तर तलाशने होते हैं। आपमें चीजों के प्रति साइंटिफिक एप्रोच के अलावा प्रोग्रामिंग स्किल भी बेहतरीन होनी जरूरी है।

## स्पेस साइंस में ये करियर ऑप्शन

### एस्ट्रोनॉमी

स्पेस सांइस में एक एस्ट्रोनॉमी का कार्य आउटर स्पेस का रिसर्च करना होता है। इसमें सौर मंडल, तारे, आकाशगंगा, ग्रह आदि शामिल होता है। जिस पर ये जमीन से ही रिसर्च कर यहां पर होने वाली विभिन्न घटनाओं का पता लगाते हैं।

### एस्ट्रोनॉट

एस्ट्रोनॉट के बारे में लगभग सभी लोग जानते हैं, ये वो लोग होते हैं, जो अंतरिक्ष में चहलकदमी कर अपने सपनों को पूरा करते हैं। इनका कार्य स्पेस स्टेशन पर रहकर रिसर्च करना है। इन्हें स्पेस स्टेशन में महीनों रहना पड़ता है।

### स्पेस टेक्नोलॉजी

इस फील्ड में स्पेस टेक्नोलॉजी का करियर भी काफी शानदार माना जाता है। इसमें सेटेलाइट, स्पेस स्टेशन, स्पेसक्रॉफ्ट, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर इक्यूमेंट को डिजाइन करने का कार्य किया जाता है।

### स्पेस इंजीनियरिंग

स्पेस इंजीनियर का सबसे प्रमुख कार्य होता है। ये किसी भी स्पेस अभियान से जुड़े सभी इक्यूमेंट को डिजाइन करते हैं। यहां पर एयरोस्पेस, रोबोटिक्स, मटेरियल साइंस, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के साथ ही मैकेनिकल और टेलीकॉम इंजीनियरिंग जैसे कई फील्ड में इंजीनियर कार्य करते हैं।

### स्पेस रिसर्च

इस काफी व्यापक फील्ड माना जाता है। स्पेस रिसर्च में अलग-अलग फील्ड के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। जैसे- एस्ट्रोफिजिसिस्ट, बायोलॉजिस्ट, बायोकैमिस्ट और बायोफिजिसिस्ट, जियोलॉजिस्ट और एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट। ये सभी अपनी विशेषता के अनुसार कार्य करते हैं।

### स्पेस लॉ

आंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला लॉ है। इसमें देशों व कंपनियों के बीच समझौतों, संधियों, सम्मेलनों और संगठनों के नियमों की जानकारी हासिल की जाती है। आज के समय में जिस तरह स्पेस में भीड़ बढ़ रही है, उसे देखते हुए स्पेस लॉ में अच्छा करियर ऑप्शन बन सकता है।

### स्पेस टूरिज्म

स्पेस के फील्ड में यह सबसे तेजी से उभरता हुआ फील्ड है। इसमें अब कई नई प्राइवेट कंपनियां आ रही हैं। यहां पर युवाओं के लिए करियर बनाने का शानदार मौका है। आज के समय में स्टेस टूरिज्म के क्षेत्र में वर्जिन गेलेक्टिक, ब्लू ओरिजिन, ओरियन, स्पेसएक्स, ओरियन स्पैन और बोइंग जैसी कंपनियां लगी हुई हैं।

हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है इस फील्ड को

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स कर कॅरियर को दें नई उड़ान, इस फील्ड में होगी लाखों की कमाई

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

कोरोना महामारी के बाद हेल्थ सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। साथ ही कॅरियर के तौर पर भी कई ऑप्शन सामने आए हैं। बता दें कि पहले नर्सिंग और एमबीबीएस कर मेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाया जा सकता था। लेकिन अब इस सेक्टर में मेडिकल की डिग्री के बिना भी आप अपना कॅरियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक कॅरियर ऑप्शन हॉस्पिटल मैनेजमेंट का है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के विस्तार के अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी काम बढ़ रहा है। आइए जानते हैं आप कैसे इस सेक्टर में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

## इस क्षेत्र में काम तेजी से बढ़ रहा



### जानिए क्या है हॉस्पिटल मैनेजमेंट



बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के क्षेत्र में आता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इसके अलावा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम इन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने का काम भी करती है।

### अहम है यह फील्ड

हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत हॉस्पिटल में चलने वाली कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार ही आता है। किसी भी संचालन में कमी और अस्पताल में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत होगी।

### हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

कई संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बैचलर की डिग्री देते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है। इसके अलावा आप इसमें प्रोफेशनल कोर्स में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय में हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कोर्स में एमबीए वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं प्राइवेट संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी देते हैं।

### क्या चाहिए क्वालिफिकेशन

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना आवश्यक होता है। यह कोर्स करने के लिए छात्र के 12वीं में बायोलॉजी में न्यूनतम 50% अंक होने जरूरी है। कुछ शैक्षणिक संस्थान इंटरव्यू और टेस्ट के आधार पर भी इस कोर्स में दाखिला देते हैं।

### यहां से करें हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद
इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता
आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
एम्स, नई दिल्ली

हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है।

### 40 से 50 हजार रुपये सैलरी

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद उम्मीदवार 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने का मौका मिलता है। इसके अलावा सरकारी संस्थान में एक से डेढ़ लाख रूपए महीने की सैलरी उठा सकते हैं। समय और अनुभव बढ़ने के साथ ही सैलरी में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। यह एक ऐसा फील्ड है जिसमें आने वाले समय में करियर बनाने के काफी स्कोप है। आज के आधुनिक समय में लोगों को किसी भी बीमारी का सामना करना पड़ता है तो लोग तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती होते हैं। कोरोना के दौरान जब लाखों की संख्या में लोग अस्पतालों में भर्ती हुए तो उस समय मैनेजमेंट सिस्टम पूरी तरह चरमरा गया था

कर सकते हैं फुल टाइम वर्क भी

# 12वीं के बाद करें गेम डिजाइनिंग का कोर्स, कॅरियर ग्रोथ के साथ मिलेगा लाखों रुपये का पैकेज

**अगर आप भी** 12वीं के बाद किसी ऐसे कोर्स की तलाश में हैं, जहां पर आपके कॅरियर ग्रोथ के साथ अच्छा पैसा कमा सकें। तो बता दें कि आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहतरीन कॅरियर आप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गेमिंग इंडस्ट्री के बारे में जरूरी जानकारी देने जा रहे हैं। बता दें कि इस फील्ड में आने के बाद आपको किस तरह का कॅरियर ग्रोथ मिलेगा। इस फील्ड में आने के लिए क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है, इन सारे सवालों के जवाब आपको इस आर्टिकल में मिलेंगे। ऐसे में अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। वर्तमान समय की बात करें तो देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा लोग फुल टाइम वर्क कर रहे हैं। जिसमें से 30 फीसदी लोग प्रोग्रामर और डेवलपर के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022-23 में यह फील्ड 20-30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करेगा। वहीं इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं।

### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के कैरेक्टर्स, गेम के लेवल के अलावा तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर उसे इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। वहीं गेम राइटर डायग्राम आदि बनाकर उसके अलग-अलग वर्जन को तैयार करते हैं। गेम डिजाइनर को टेक्निकल नॉलेज होने के साथ ही सोच में क्रिएटिविटी भी होनी चाहिए। गेम तैयार करने के लिए उसकी डिजाइन, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल की टीम एक साथ वर्क करती है।

### क्वालिफिकेशन

- छात्र ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना जरूरी होता है।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश भाषा पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- इस फील्ड में आप गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, आर्ट, एनिमेशन, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर ग्राफिक्स, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स कर सकते हैं।

### जरूरी स्किल्स

- गेमिंग फील्ड में कॅरियर बनाने वाले स्टूडेंट्स के पास कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस फील्ड में 2 डी गेम डेवलपर्स, 3 डी गेम डेवलपर्स और जावा आदि में अपार संभावनाएं हैं।
- इस फील्ड में डिजाइनिंग के साथ 2डी सॉफ्टवेयर और 3डी मॉड्यूलिंग की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए युवाओं के पास साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

### जॉब प्रोफाइल

इस फील्ड में युवा एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, मैनेजर्स, कास्टर्स, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर अपना कॅरियर बना सकते हैं।

# नकली समाचार का खतरा और युवाओं का डिजिटल मंचों की ओर झुकाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में सूचना का प्रवाह इतना तेज है कि सही और गलत जानकारी के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया है। नकली समाचार, जिसे अंग्रेजी में "फेक न्यूज" कहा जाता है, युवाओं के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। यह न केवल उनकी सोच को प्रभावित करता है, बल्कि उनकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति पर भी असर डालता है। यही कारण है कि आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाकर डिजिटल मंचों की ओर अधिक आकर्षित हो रही है। इस लेख में हम नकली समाचार के खतरों, युवाओं के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाने के कारणों और पढ़ाई में बेहतर करने के लिए प्रेरणा के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

## गलत और भ्रामक जानकारी दी जा रही

नकली समाचार का युवाओं पर प्रभाव
नकली समाचार ऐसी जानकारी होती है जो जानबूझकर गलत या भ्रामक होती है। यह सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, और अन्य डिजिटल मंचों के माध्यम से तेजी से फैलती है। युवा, जो अपने विचारों को आकार देने के लिए सूचनाओं पर निर्भर रहते हैं, अक्सर ऐसी खबरों का शिकार हो जाते हैं। इसके कुछ प्रमुख प्रभाव हैं:

**गलत धारणाएं बनना:** नकली समाचार युवाओं में गलत विश्वास पैदा करते हैं, जैसे किसी समुदाय, व्यक्ति या घटना के प्रति नफरत या गलत धारणा।

**मानसिक तनाव:** भ्रामक खबरें डर, चिंता और अविश्वास को बढ़ावा देती हैं, जिससे युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

**समय की बर्बादी:** ऐसी खबरों को पढ़ने और उन पर बहस करने में युवा अपना कीमती समय खो देते हैं, जो उनकी पढ़ाई और करियर पर असर डालता है।

**सामाजिक विभाजन:** नकली समाचार समाज में विभाजन पैदा करते हैं, जिससे युवा अपनी एकता और सामाजिक मूल्यों को खोने लगते हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी क्यों?**
इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जैसे टीवी न्यूज चैनल, अक्सर सनसनीखेज और अतिशयोक्तिपूर्ण खबरें दिखाते हैं। ये खबरें दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन इनमें सच्चाई की कमी होती है।

## टीवी पर एकतरफा कवरेज

**विश्वास की कमी:** युवा न्यूज चैनलों पर भरोसा नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि ये चैनल पक्षपातपूर्ण या प्रायोजित हैं।

**डिजिटल मंचों की स्वतंत्रता:** सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर युवाओं को अपनी पसंद की सामग्री चुनने की आजादी मिलती है, जो उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ज्यादा आकर्षक लगती है।

**सूचना की अधिकता:** डिजिटल मंचों पर युवा कई स्रोतों से जानकारी ले सकते हैं और तुलना कर सकते हैं, जबकि टीवी पर एकतरफा कवरेज मिलता है।

**मनोरंजन का विकल्प:** डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन, शिक्षा और समाचार एक साथ उपलब्ध हैं, जो युवाओं को अधिक उपयोगी लगता है।

यहां कुछ तरीके दिए गए हैं, जिनसे युवा खुद को प्रेरित कर सकते हैं:

**लक्ष्य निर्धारित करें:** छोटे और बड़े लक्ष्य बनाएं, जैसे रोजाना एक नया टॉपिक पढ़ना या सप्ताह में एक कौशल सीखना। यह प्रगति का अहसास दिलाएगा।

**सूचना सत्यापन:** हर खबर को बिना जांचे स्वीकार न करें। विश्वसनीय स्रोतों जैसे किताबें, शैक्षिक वेबसाइट्स और विशेषज्ञों की राय पर भरोसा करें।

**समय प्रबंधन:** सोशल मीडिया और न्यूज देखने का समय सीमित करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से उस यंत्र का नाम बताइए जो कम्प्यूटर को टेलीफोन लाइनसे जोड़ता है
(ए) स्कैनर
(बी) मॉडेम
(सी) सी.डी.रोम
(डी) प्रिंटर

**2.** कम्प्यूटर सिस्टम के किस भाग को भौतिक रूप से स्पर्श किया जाता है
(ए) डाटा
(बी) ओएस
(सी) हार्डवेयर
(डी) सोफ्टवेयर

**3.** डॉट मेट्रिक्स किसका एक प्रकार है
(ए) टेप
(बी) डिस्क
(सी) प्रिंटर
(डी) बस

**4.** सीडी-रोम है एक?
(ए) सेमीकंडकटर मेमोरी
(बी) मैग्नेटिक मेमोरी
(सी) मेमोरी रजिस्टर
(डी) इनमे से कोई नही

**5.** एकछोटे सिलिकॉन चिप पर ट्रांजिस्टरों और अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ पोर्न इलेक्ट्रोनिक सर्केट को.....कहते है
(ए) वर्क स्टेशन
(बी) सीपीयू
(सी) मैग्नेटिक डिस्क
(डी) इंटिग्रेटेड सर्किट

**6.** ....कम्प्यूटर को बताती है की इसके उपकरणों का प्रयोग कैसे करण चाहिए
(ए) यूटिलिटी
(बी) नेटवर्क
(सी) एप्लीकेशन
(डी) ओपी

**7.** सी, बेसिक, केबोल और जावा ...... भाषाओं के उदहारण है
(ए) लो लेबल
(बी) कम्प्यूटर
(सी) सिस्टम प्रोग्रामिंग
(डी) हाई लेबल

उत्तर 1.(बी) 2.(सी) 3.(सी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(डी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप



### छात्रों को दांतों को स्वस्थ रखने के दिए टिप्स

रेवाड़ी। पटौदी रोड स्थित यदुवंशी स्कूल में दांतों के स्वास्थ्य को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगायचा अहीर से दंत चिकित्सक डा. मंजू रानी ने विद्यार्थियों को दांतों को स्वस्थ रखने के लिए उपयोगी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि हमें नियमित ब्रश करना चाहिए। नियमित रूप से दंत चिकित्सक से दांतों की जांच करानी चाहिए। छात्रों व अध्यापकों ने सेमिनार में दांतों को स्वस्थ रखने के तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय डीन मुकेश यादव व प्राचार्य सुखेन्द्र यादव ने डा.मंजू रानी व टीम सदस्यों का धन्यवाद किया।

### लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामले निपटाए

रेवाड़ी। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंद्र सिंह वधवा के मार्गदर्शन में आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को रखने के लिए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित वर्मा ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामले लेकर आएं, जिससे कि लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत का सही लाभ मिल सके।



सीजेएम अमित वर्मा।

### संसद से पास कानून की पालना करें सभी सरकार

रेवाड़ी। पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल ने कहा कि संसद के दोनों सदनों में पास होने के बाद राष्ट्रपति की सहमति से बना नया वक्फ कानून गरीब तबके के मुस्लिमों के हितों की रक्षा करने वाला है। देश के सभी राज्यों की सरकारों को संसद के दोनों सदनों में पास हुए कानून का सम्मान करते हुए उसे लागू करना चाहिए।
शुक्रवार को एक बयान में पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि नए वक्फ कानून को लेकर कांग्रेस व दूसरे विपक्षी दल मुस्लिम समुदाय के लोगों को गुमराह कर रहे हैं।



डा. बनवारीलाल।

### गोल्ड मेडल विजेता भव्या को सीएम करेंगे सम्मानित

कुंड। इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाली रेवाड़ी जिले के गांव मंदोला निवासी व आरपीएस स्कूल की छात्रा भव्या गुणवाल को 22 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सम्मानित करेंगे। यह सम्मान राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से दिया जाएगा। भव्या ने रोमानिया में ओलिंपियाड में गोल्ड मेडल हासिल किया।

## खेलों से कैडेट्स में होता नेतृत्व क्षमता का विकास: प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर

# अंतरसदनीय वालीबॉल प्रतियोगिता में करियप्पा सदन ने मारी बाजी

बालिका वर्ग में कारगिल सदन ने रेजांगला सदन को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। विजेता कैडेट्स को पदक व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जिले के गांव गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल में अंतरसदनीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सुब्रतो, अर्जन, मानेकशॉ, कटारी, करियप्पा व परेरा छह सदनों के मध्य लीग मैच हुए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मानेकशॉ सदन व करियप्पा सदन के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। कांटे के मुकाबले में करियप्पा सदन ने मानेकशॉ सदन को 2-0 से हराकर वालीबॉल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं बालिका वर्ग में कारगिल सदन ने रेजांगला सदन को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की।

विजेता कैडेट्स को पदक व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। बालक वर्ग में कैडेट आनंदराज व बालिका वर्ग में कैडेट अरुणिका सिंह बेस्ट प्लेयर चुनी गईं। कैडेट निशांत भादू मैचों के आयोजक थे। कैडेट हर्ष दायमा व कैडेट गीतेंद्र ने उद्घोषक की भूमिका निभाई। इस मौके पर स्टाफ व कैडेट्स के मध्य भी एक मैत्री मैच खेल गया। सीएचएम पीटीआई हवलदार थान सिंह व हवलदार रमन थापा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



रेवाड़ी। फाइनल मुकाबले में खेलते हुए कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि




रेवाड़ी। विजेता सदन के खिलाड़ी प्राचार्य व स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

### खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग

इस अवसर पर मुख्यातिथि विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने कहा कि खेलों के माध्यम से छात्रों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और उनमें संघर्ष व जीत की भावना जन्म लेती है। यह शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है। इससे कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं कराकर कैडेट्स का सर्वांगीण विकास करना ही सैनिक स्कूल का उद्देश्य है, ताकि वे देश के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व भी प्रदान कर सकें। उन्होंने बताया कि स्कूल में कैडेट्स को खेलों की प्रैक्टिस कराने के लिए सभी सुविधाएं व प्रशिक्षक उपलब्ध हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजकों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या विंग कमांडर सुनैना चाहार, प्रशासनिक अधिकारी मेजर जयसिंह राठौड़ व वरिष्ठ अध्यापक गजेंद्र सिंह चौहान सहित सैनिक स्कूल के सभी शिक्षक, कर्मचारी व कैडेट्स मौजूद थे।

## उपायुक्त ने बैठक में लिया भाग

# नशीली दवाओं पर रोक को लेकर प्रशासन मुस्तैद

- अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए बनाया गया नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। हमें प्रदेश में नशीले पदार्थों की आपूर्ति के नेटवर्क को ध्वस्त करने पर जोर देना चाहिए। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से साथी नामक एक मोबाइल एप का संचालन किया जा रहा है। इस एप में मेडिसिन की एंट्री किए बिना केमिस्ट किसी भी दवा को स्टॉक में नहीं रख सकते है। मुख्य सचिव रस्तोगी शुक्रवार को वीसी के माध्यम से अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर यानि एनकार्ड के सुचारू संचालन के संदर्भ में उपायुक्तों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी उपायुक्त अपने जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए धरातल पर ठोस कार्रवाई करें।

डीसी अभिषेक मीणा ने वीसी उपरांत कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए हर वर्ग की सहभागिता जरूरी है। इसलिए आपके आसपास कोई व्यक्ति नशे से संबंधित वस्तुएं बेचता है या नशे के अवैध व्यापार में संलिप्त है तो उसकी सूचना टोल फ्री नंबर 8930305020 और एनसीबी नंबर 9050891508 पर दें। डीसी ने कहा कि नशे की दवाओं पर रोक को लेकर प्रशासन की पैनी नजर है। सिंथेटिक नशे के चलन पर रोक लगाने के लिए सरकार और प्रशासन पूरी तरह सजग है। सरकार और प्रशासन की एडिक्ट बनाने वाली दवाओं पर भी नजर रख रही है।



रेवाड़ी। मुख्य सचिव की वीसी में भाग लेते हुए डीसी।

### नशे की समस्या गंभीर

डीसी ने कहा कि नशे की समस्या समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। आम नागरिक विशेषकर युवा नशे की गिरफ्त में आकर अपने लक्ष्य से भटक रहे हैं। नशा समाज व देश को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर का गठन किया गया है। नशे की प्रवृति को समाज से खत्म करने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। डीसी ने अधिकारियों को शिक्षण संस्थानों में नशे के विरुद्ध बच्चों को जागरूक करने के लिए रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला न्यायवादी हरपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# महिलाओं व बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

- कृष्ण नगर में पोषण पखवाड़े के तहत आयुष कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 22 अप्रैल तक मनाए जा रहे पोषण पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को कृष्ण नगर गांव में विभाग की ओर से आयुष शिविर का आयोजन किया गया। आयुष कैंप में डा.मोनिका ने महिलाओं, बच्चों व ग्रामवासियों के स्वास्थ्य की जांच की तथा किशोरियों, महिलाओं और आम लोगों को पोषण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। नाहड़ बाल विकास परियोजना अधिकारी राधा यादव ने महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव की आंगनबाड़ी में नन्ही बालिकाओं का जन्मदिन मनाया गया। बेटा-बेटी में भेदभाव न करने व बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाकर उनका भविष्य संवारने का आह्वान किया। सुपरवाइजर ने खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।



रेवाड़ी। महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी देती डा. मोनिका। फोटो : हरिभूमि

# डा. अंबेडकर के विचार युवाओं के लिए मार्गदर्शक

- इंदिरा गांधी विवि मीरपुर में भारत डा. अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से शुक्रवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत सफाई योद्धाओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने की। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि डा. अंबेडकर ने समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी हमें प्रेरणा देता है। उनके विचार आज के युवा वर्ग के लिए मार्गदर्शक हैं। कुलसचिव ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का माध्यम माना। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और न्याय को स्थापित करना है। कार्यक्रम में डा. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर भी चर्चा की गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री राहुल वर्मा, जिला संगठन मंत्री परमिंदर सैनी, विभाग संयोजक युधिष्ठिर धनखड़, जिला संयोजक तरुण यादव, इकाई अध्यक्ष विनीत यादव, इकाई मंत्री हेमंत गोयल, इकाई उपाध्यक्ष मनीषा,नगर मंत्री आईशा एवं वैशाली, परवेश, जयबीर, निखिल व विकास सहित विवि के सफाई कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



रेवाड़ी। आईजीयू के कर्मचारियों को सम्मानित करते विधायक व कुलसचिव।

## महिलाओं को पोषण पखवाड़े के तहत स्वस्थ रहने के लिए किया जागरूक




रेवाड़ी। महिलाओं को जानकारी देते हुए सुपरवाइजर।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

महिला एवं बाल विकास विभाग नाहड़ की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र गूगोढ में पोषण पखवाड़े के तहत योग शिविर लगाकर लोगों को स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया गया। विभाग की सुपरवाइजर संतोष ने कहा कि स्वस्थ शरीर से ही मानसिक व शारीरिक का विकास होता है। जब तक व्यक्ति स्वस्थ नहीं होगा, तब तक वह किसी भी कार्य को अच्छी प्रकार से संपूर्ण नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों को घर पर बनने वाले भोजन का ही सेवन कराएं व बाहर की तली हुई चीजों का इस्तेमाल न करें। गर्मी के मौसम में हल्के वह आरामदायक कपड़े पहने। धूप में निकलने से बचे, खूब पानी पिए व हल्का भोजन करें। इस अवसर पर आंगनबाड़ी वर्कर सोमवती, बिमला, मीना, हेल्पर अनसुया, सुमित्रा व उषा सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

# जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समय पर समाधान करें अधिकारी: बराड़

- आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ ने समाधान शिविर में आ रही शिकायतों को लेकर की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

सहकारिता विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ ने अधिकारियों को समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि शिकायत निपटान में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सहकारिता विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। सचिव ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को अधिकारी अच्छे से जांच करके उस शिकायत का समाधान करें और इसकी रिपोर्ट भी भिजवाएं।



रेवाड़ी। आयुक्त एवं सचिव की वीसी में भाग लेते हुए एडीसी व अन्य अधिकारी।

## जन जागृति मंच ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया स्थापना दिवस



रेवाड़ी। बच्चों को फल वितरित करते हुए मेनका सोनी व सदस्य।

- जरूरतमंद लोगों व बच्चों भोजन सामग्री व फल सहित अन्य जररूत का सामान वितरित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जन शक्ति जागृति मंच ट्रस्ट के दो वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को स्थापना दिवस मनाया गया। संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने झुग्गी-झोपड़ियों जाकर में जरूरतमंद लोगों व बच्चों के साथ संस्था का स्थापना दिवस मनाया। संस्था की राष्टीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने जरूरतमंद लोगों व बच्चों भोजन सामग्री व फल सहित अन्य जररूत का सामान वितरित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मेनका ने कहा कि संस्था की ओर से पिछले दो वर्ष से शहर में सामाजिक कार्य किया जा रहा है। संस्था की ओर से स्वास्थ्य जांच कैंप, गोसेवा, पक्षियों को दाना-पानी रखने, बच्चों को ड्रेस व किताबें वितरित करने सहित जरूरतमंदों की मदद के लिए अनेक कदम उठाए गए है। इस मौके पर संस्था से मंजू शर्मा, दीपक कुमार, राधेश्याम, राजेश अग्रवाल,प्रकाश वर्मा व शशि शर्मा मौजूद थे।

## जागरूकता | साइबर क्राइम के शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें

जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधों तथा उनसे बचाव के लिए किया जा रहा जागरूक

# वर्तमान में इंटरनेट पर निर्भरता के साथ ही बढ़ रहे साइबर अपराध के मामले: डॉ. मयंक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से आमजन को साइबर अपराधों तथा उनसे बचाव को लेकर लगातार जागरूक किया जा रहा है। एसपी डा. मयंक गुप्ता ने सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों के बारे जागरूक करने के निर्देश दिए है ताकि भविष्य में साइबर धोखाधड़ी व ठगी की पुनरावृत्ति न होने पाए। एसपी डा. गुप्ता ने कहा कि हम टेक्नालॉजी के दौर में इतने तेजी से विकास कर रहे है कि इसके बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जितनी तेजी से हम इस डिजीटल दुनिया की ओर बढ़ रहे है, उतनी ही इंटरनेट पर निर्भरता भी बढ़ रही है, इसके साथ ही साइबर अपराध के भी मामले बढ़ रहे है। एसपी ने कहा कि आमजन व्हाट्सएप या ई-मेल पर आए किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और बैंक संबधी किसी भी प्रकार की जानकारी सांझा न करें, क्योंकि ऐसा करने से वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सावधानी व सतर्कता ही बेहतर उपाय है। एसपी ने कहा कि जिला पुलिस अलग-अलग तरीकों से आमजन को जागरूक करने में जुटी है। पुलिस सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को भी जागरूक कर रही है वही आम लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी किसी के साथ किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी हो जाती है तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या साइबर पोर्टल बेवसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।



एसपी डा. मयंक गुप्ता।

### इन बातों का रखें ध्यान

ऑनलाइन खरीदारी करते समय चेक करें कि वेबसाइट के यूआरएल में एचटीटीपीएस हो न की खाली एचटीटीपी। अगर कोई अपरिचित व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए कहता है तो एप्लीकेशन डाउनलोड न करें। किसी भी व्यक्ति के साथ अपने बैंक डिटेल, एटीएम कार्ड नम्बर, कार्ड की एक्सपायरी एवं कार्ड पर पीछे लिखे तीन डिजिट के सीवीवी नंबर को किसी के साथ शेयर न करें। किसी अपरिचित नंबर से आपके पास फोन मैसेज या व्हाट्सएप मैसेज पर कोई लिंक या फोटो आए तो उस पर क्लिक न करें। नेटवर्क को 5जी नेटवर्क में शिफ्ट कराने के नाम पर धोखाधडी करने वालों से सुरक्षित रहें। अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों की फोटो को सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर डीपी के रूप में प्रयोग कर धोखाधडी कर रहे लोगों से सावधान रहें। व्हाट्सएप पर किसी भी अज्ञात नम्बर से आई किसी भी प्रकार की विडियो या ऑडियो कॉल को रिसीव न करें। ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।


**सरपंच, ग्राम पंचायत नैनसुखपुरा**
**ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नैनसुखपुरा, खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान करवाया जाना है। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच के पास दिनांक 26.04.2025 तक जमा करवाएं। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन ग्राम स्तरीय कमेटी एवं पंचायत की मौजूदगी में दिनांक 28.04.2025 को किया जाएगा।
नोट : दिनांक 26.04.2025 के बाद किसी की कुटेशन मान्य नहीं होगी।

हस्ता/- हरि सिंह सरपंच, ग्राम पंचायत नैनसुखपुरा, खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी

## खबर संक्षेप

### स्कूल बस की चपेट में आकर घायल

**धारूहेड़ा।** सुभाष चौक के पास एक प्राइवेट स्कूल की बस की चपेट में आकर बाइक चालक घायल हो गया। गुरूग्राम के मऊ निवासी रामनिवास अपने घर से बाइक लेकर धारूहेड़ा किसी काम से आया था। जब वह सेक्टर-4 के सामने सुभाष चौक पर पहुंचा तो यूरो स्कूल की बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसे एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। बाद में परिजन उसे दूसरे अस्पताल में ले गए। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी।

### शराब के नशे में गालियां देते एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने शिव नगर कॉलोनी में शराब के नशे में गालियां निकाल रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार कॉलोनी निवासी नवीन अक्सर शराब के नशे में लोगों के साथ गाली-गलौज करता रहा है। इससे कॉलोनी के लोग परेशान हो गए। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। एएसआई विनोद कुमार ने मौके पर जाकर उसे काबू कर लिया।

### ईसाई समुदाय ने हर्षोल्लास से मनाया गुड-फ्राइडे

**रेवाड़ी।** ईसाई समुदाय के लिए गुड-फ्राइडे एक महत्वपूर्ण पर्व है। शुक्रवार को शहर के चर्च में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई और यीशु मसीह के जीवन और उनके संदेश को याद किया। इस दौरान देश की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। ईसाई समुदाय के लोगों ने कहा कि यीशु मसीह की मृत्यु और पुनर्जीवन ने मानवता को पापों से मुक्ति का मार्ग दिखाया। सभा में यीशु मसीह के अंतिम सात वचनों का स्मरण किया गया। गुड-फ्राइडे ईसाई धर्म को मानने वाले लोगों के लिए काफी अहम होता है। इस दिन यीशु मसीह के बलिदान को याद करने और उनकी मौत का शोक मनाया जाता है। यह त्योहार ईसाई धर्म के लोगों द्वारा कैलवरी में ईसा मसीह को शूली पर चढ़ाने के कारण हुई मृत्यु के उपलक्ष्य में मनाया है। इस दिन ईसा मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया और उन्होंने मानवता के लिए बलिदान दिया। ईसाई धर्म के मूल सिद्धांतों में यह माना जाता है कि ईसा मसीह ने मानव जाति में पापों से मुक्ति एवं उससे उद्धार के लिए बलिदान दिया था।

घरेलू बिजली की मांग में 2 लाख यूनिट तक वृद्धि

# सीजन का सबसे गर्म दिन रहा शुक्रवार पहली बार पारा पहुंचा 42 डिग्री के पार

आज से राहत मिलने की जताई जा रही संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अप्रैल माह के दूसरे पखवाड़े में प्रचंड गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। तापमान पहली बार 42 डिग्री के पार चला जाने से भारी गर्मी ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित करना शुरू कर दिया है। बिजली की मांग में भी तेजी से वृद्धि होना शुरू हो गया है। हीटवेव ने भी परेशान करना शुरू कर दिया है। नए कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 19 अप्रैल से तापमान में गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है।

शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप का प्रकोप बना रहा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 42.5 डिग्री पर पहुंच गया, जो गर्मी के इस सीजन में सर्वाधिक रहा। न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 24.6 डिग्री दर्ज किया गया। हवाओं की गति 14 किमी प्रति घंटा रही, जबकि नमी का स्तर 29 फीसदी दर्ज किया गया। दोपहर तक गर्म हवाएं चलनी लगीं, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। गत वर्ष 18 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.0 डिग्री और न्यूनतम 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बार अप्रैल माह में ही हीटवेव का प्रकोप शुरू हो गया है। मई और जून माह में गर्मी का प्रकोप बढ़ सकता है। भारी गर्मी का असर बाजार से लेकर सड़कों तक पर साफ देखने को मिल रहा है। सुबह 10 बजे के बाद बाजार से भीड़ गायब नजर आने लगती है। शाम के समय ही लोग बाजार में निकलते हैं। मौसम विभाग के अनुसार कमजोर नए पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते शनिवार को तेज हवाएं चल सकती हैं। कुछ इलाकों में आंशिक बादल भी छा सकते हैं। इससे तापमान में कमी आने की संभावना है। अगले तीन-चार दिन तक तापमान में कमी बनी रह सकती है, जिससे भारी गर्मी के प्रकोप से राहत मिल सकती है।




रेवाड़ी। शुक्रवार को तेज धूप से बच्चे का बचाव करती महिला व शुक्रवार दोपहर को एक बजे सूना पड़ा सरकुलर रोड। फोटो : हरिभूमि

#### बिजली की खपत 2 लाख यूनिट बढ़ी

गर्मी के साथ ही बिजली की मांग में वृद्धि होने लगी है। घरों में कूलर और एसी चलने से बिजली का लोड बढ़ने लगा है। वीरवार शाम तक घरेलू बिजली की खपत 17.93 लाख यूनिट तक पहुंच गई। इससे एक दिन पूर्व यह 15.94 लाख यूनिट रही थी। जिले में बिजली की कुल खपत भी बढ़कर 78.43 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। अगर गर्मी का प्रकोप इसी तरह बना रहा, तो बिजली की खपत इस बार बढ़कर 100 करोड़ यूनिट का आंकड़ा पार सकती है। खरीफ की फसलों का सीजन शुरू होने के बाद कृषि क्षेत्र में भी बिजली की मांग बढ़ेगी।

#### बढ़ने लगी नारियल पानी की डिमांड

गर्मी बढ़ने के साथ ही नारियल पानी की डिमांड भी बढ़ने लगी है। इससे पानी वाले नारियल के रेट भी बढ़ गए हैं। 60 से 70 रुपये तक बिकने वाला नारियल अब 80 रुपये तक में बिक रहा है। भारी गर्मी के कारण शीतल पेय का बाजार भी गरम हो गया है। गन्ने के जूस से लेकर नींबू की शिकंजी तक की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। बाजार में आइसक्रीम व आइसकैंडी की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है, जिससे इनका कारोबार करने वाले लोगों के चेहरों पर चमक देखने को मिल रही है।

#### इलेक्ट्रिक बाजार में भी आई गर्माहट

इस बार समय से पूर्व भारी गर्मी का प्रकोप शुरू होने से इलेक्ट्रिक सामान का बाजार भी गरमाने लगा है। बाजार में एसी की मांग तो बढ़ी ही है, साथ ही कूलर की बिक्री में भारी इजाफा हो रहा है। ब्रांडेड कंपनियों की अपेक्षा यहीं तैयार किए जा रहे कूलरों की बिक्री ज्यादा हो रही है। बड़ी संख्या में दुकानदार दिल्ली से कूलरों का सामान लाकर उन्हें यहीं तैयार कराकर बिक्री करते हैं। फ्रीज व वाटर कूलरों की बिक्री में भी वृद्धि हो रही है, जिससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। गत वर्ष नियमित अंतराल के बाद बारिश होने से कूलर की बिक्री पर काफी असर पड़ा था।

## नए विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

- विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, भाषण व कविता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सैनी पब्लिक स्कूल में नए विद्यार्थियों के स्वागत में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, भाषण व कविता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सैनी सभा के प्रधान नवीन सैनी, सैनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन चेतराम सैनी, महासचिव मनोज सैनी, सह सचिव कैलाश सैनी, रविकांत सैनी, मनीष सैनी व कार्यकारिणी के सदस्यों ने अभिभावकों का स्वागत किया। प्राचार्या अनीता यादव ने स्टाफ व कार्यकारिणी के साथ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

## डीटीपी को कोर्ट से झटका, भवन निर्माण में दर्ज केस के आरोपी बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली नियंत्रित क्षेत्र में भवन निर्माण करने वाले लोगों पर आनन-फानन में मुकद्दमा दर्ज कराने वाले जिला शहरी योजनाकार विभाग को कोसली अदालत के निर्णय से झटका लगा है। डीटीपी विभाग ने नठेडा रोड़ पर भवन निर्माण करने के आरोप में हरपाल, रविपाल व सेवक उर्फ रामेश्वर के विरुद्ध अप्रैल 2019 में पंजाब अधिसूचित रोड़ व नियंत्रित क्षेत्र एक्ट 1963 की धारा 3,6,7,12 (1) के अंतर्गत कोसली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। अधिवक्ता प्रमोद यादव ने बताया कि 7 अप्रैल को दिए गए निर्णय में कोसली की प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट निशा की अदालत ने विभाग के डायरेक्टर की स्वीकृति व तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट की इजाजत के अभाव, भूमि की सांझा खेवट में भवन निर्माणकर्ताओं की सत्यापित पहचान न किए जाने, भवन के निर्माण के समय की अनिश्चतता, विभाग के डायरेक्टर द्वारा आरोपियों को सुनवाई का अवसर न दिए जाने तथा विभाग द्वारा नोटिस प्रक्रिया का उचित पालन नहीं किए जाने के आधार पर तीनों आरोपियों को बरी कर दिया है।

## सनग्लो स्कूल के विद्यार्थियों ने वुशु प्रतियोगिता में जीते पदक



रेवाड़ी। नारनौल रोड स्थित सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने द्वितीय वुशु सब जूनियर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महंत महावीर दास महाराज ने किया। जले के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सनग्लो स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें कक्षा पांचवी की छात्रा दीया और सालोनी व कक्षा सातवीं के छात्र भावेश ने स्वर्ण पदक हासिल किया। कक्षा पांचवी की छात्रा हर्षिता ने रजत पदक व कक्षा पांचवी के छात्र मयंक ने कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक विजेता तीनों विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर खेलने के लिए चयनित किया गया। स्कूल की शारीरिक शिक्षिका वैशाली के नेतृत्व में बच्चों ने मेडल हासिल किए। विद्यालय के चेयरमैन डा. वीपी यादव, निदेशिका शारदा यादव व प्राचार्य गरिमा यादव ने बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

### गोठड़ा में 23 व बावल में 25 को होगी सुनवाई

**रेवाड़ी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की धारूहेड़ा मंडल की उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की ओर से 23 अप्रैल को गोठड़ा उपमंडल कार्यालय व 25 अप्रैल को बावल उपमंडल कार्यालय में उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी। डीएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता धर्मेन्द्र रूहिल दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनकर समाधान करेंगे। कैंप में गोठड उपमंडल व बावल उपमंडल के अन्तर्गत आने वाले सभी उपभोक्ता शामिल हो सकते है। इस दौरान डीसीजीआरएफ टीम के सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

## आरपीएस कोसली के तीन छात्रों ने खेलों में लहराया परचम

- तीनों विद्यार्थियों का स्वागत करके सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

आरपीएस स्कूल कोसली के छात्रों ने राज्य स्तरीय लैक्रोस खेल में नेशनल स्तर पर स्थान अर्जित कर अपनी जगह बनाई है। कोच विनय कुमार के मार्गदर्शन में विद्यालय के तीन छात्र मोक्ष, अंश व सौरभ ने खेल प्रतियोगिता में अपनी कड़ी मेहनत से लोहा मनवाया। स्कूल प्रांगण में तीनों विद्यार्थियों का स्वागत करके सम्मानित किया गया। स्कूल के चेयरमैन श्रीभगवान यादव व सुमन यादव तथा डायरेक्टर हंसराज यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य अंजू यादव ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करती प्रधानाचार्या। फोटो : हरिभूमि

## आज सेक्टर-4 के वाटर वर्क्स में भरे जाएंगे बिजली बिल

**रेवाड़ी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से बिजली उपभोक्ताओं को बिल भरने के लिए सुविधा दी जा रही है।

निगम के फील्ड ऑफीसर धर्मवीर ने बताया की 19 अप्रैल को सेक्टर-4 स्थित वाटर वर्क्स कार्यालय में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक सिटी-2 के उपभोक्ताओं के बिजली के बिल भरे जाएंगे। बिजली उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ ले सकते है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## सामाजिक व सांस्कृतिक समझ भी विकसित करें छात्र

- आईजीयू में फायर सेफ्टी वीक के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, विद्यार्थियों को आगजनी से बचने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में फायर सेफ्टी वीक के तहत यूथ रेडक्रॉस, एनएसएस, अर्थशास्त्र तथा प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों का 360 डिग्री विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्रों को केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक समझ भी विकसित करनी चाहिए। प्रो. सिंह ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे छात्र फायर ट्रैजेडी व डिजास्टर मैनेजमेंट जैसी आपदाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करके सतर्क रह सकें। कार्यक्रम में गांव मीरपुर की सरपंच संजू यादव ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में फायर ऑफिसर मामचंद शर्मा ने विद्यार्थियों को आग के वैज्ञानिक स्वरूप को सरल भाषा में समझाया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते कुलसचिव। फोटो : हरिभूमि

#### आभार जताया

कूलिंग सिस्टम का उपयोग करके ताप को कम किया जा सकता है, या फिर कंबल से ढककर ऑक्सीजन की आपूर्ति बंद करके आग बुझाई जा सकती है। विद्यार्थियों ने फायर सेफ्टी से संबंधित डेमोंस्ट्रेशन में भाग लेकर व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त किया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. विकास बतरा ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंधन विभागाध्यक्ष तथा यूथ रेडक्रॉस की समन्वयक डा. समृद्धि ने सभी का आभार जताया। मंच संचालन प्रो. सुशांत यादव ने किया। इस अवसर पर डा. भारती, डा. देविंद्र, डा. सतीश कुमार व डा. रितु कुमारी सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

## घर से अचानक लापता हुआ युवक पत्नी ने दर्ज करवाया केस

**धारूहेड़ा।** शहर की एक सोसायटी में रहने वाला युवक भिवाड़ी की एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग के चक्कर में घर से लापता हो गया। पुलिस ने उसकी पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

पुलिस शिकायत में महिला ने बताया कि उसके पति देवेश का भिवाड़ी की रहने वाली एक सोनिया नाम की युवती से चक्कर चल रहा है। वह लगातार सोनिया के संपर्क में रह रहा था। जब उसने विरोध जताया तो उसके पति ने अपने नाम पर लिया हुआ मोबाइल का सिमकार्ड उसके सामने ही तोड़कर फेंक दिया। उसके पास ऑफिस से मिला हुआ सिमकार्ड था, जो उसने लापता होने से पहले ऑफिस में जमा करा दिया था। इसके बाद उसका पति 16 अप्रैल से लापता है। उसने सोनिया पर ही उसके पति को कहीं छुपाकर रखने का संदेह जाहिर किया है।

#### पता लगा रही पुलिस

महिला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करने के बाद धारूहेड़ा पुलिस ने युवक का पता लगाने के लिए युवती की तलाश शुरू कर दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को युवती के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

**परेशानी** रेवाड़ी से शाम 6 बजे चलने वाली गाड़ी संख्या 59632 रेवाड़ी-हिसार रेलसेवा 21 अप्रैल से 10 मई तक रद रहेगी

परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा झज्जर, रोहतक व भिवानी सिटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी

## मानहेरू एवं भिवानी जक्शन के बीच दोहरीकरण कार्य के कारण ट्रेनें रहेंगी रद व मार्ग परिवर्तित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

रेलवे की ओर से रेवाडी-हिसार रेलखंड के मानहेरू एवं भिवानी जक्शन स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है, जिसके कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। कोसली स्टेशन अधीक्षक महेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि कार्य के कारण रेवाड़ी-हिसार रेल खंड पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी से शाम 6 बजे चलने वाली गाड़ी संख्या 59632 रेवाड़ी-हिसार रेलसेवा 21 अप्रैल से 10 मई तक रद रहेगी। हिसार से प्रातः 6:20 बजे चलने वाली गाड़ी संख्या 59631 हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा 22 अप्रैल से 11 मई तक रद रहेगी। भिवानी से प्रातः 6:50 बजे चलने वाली गाड़ी संख्या 54787 भिवानी-रेवाड़ी रेलसेवा 22 अप्रैल से 11 मई तक रद रहेगी। रेवाड़ी से रात 9:36 बजे चलने वाली गाड़ी संख्या 54788 रेवाड़ी-भिवानी रेलसेवा 22 अप्रैल से 7 मई तक रद रहेगी। हिसार से दोपहर 2:20 बजे चलने वाली 14715 हिसार-जयपुर रेलसेवा 22 अप्रैल से 7 मई तक रद रहेगी। ढेहर का बालाजी से दोपहर 3:30 बजे चलने वाली गाड़ी संख्या 14706 ढेहर का बालाजी-भिवानी रेलसेवा 28 अप्रैल से 8 मई तक रद रहेगी। भिवानी से प्रातः 4:50 बजे चलने वाली गाड़ी संख्या 14705 भिवानी-ढेहर का बालाजी रेलसेवा 28 अप्रैल से 8 मई तक रद रहेगी। जयपुर से प्रातः 7 बजे चलने वाली गाड़ी संख्या 09733 जयपुर-भिवानी रेलसेवा 22 अप्रैल से 7 मई तक रद रहेगी। भिवानी से शाम 4:05 पर चलने वाली गाड़ी संख्या 09734 भिवानी-जयपुर रेलसेवा 22 अप्रैल से 7 मई तक रद रहेगी। फाजिल्का से प्रातः 8:45 पर चलने वाली गाड़ी संख्या 14730 फाजिल्का-रेवाड़ी रेलसेवा 22 अप्रैल से 7 मई तक रद रहेगी।



रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरते हुए एक्सप्रेस ट्रेन।

#### इन ट्रेनों का रहेगा मार्ग परिवर्तित

गाड़ी संख्या 14029 श्रीगंगानगर-दिल्ली रेलसेवा 22 अप्रैल से 7 मई तक श्रीगंगानगर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग हिसार-भिवानी बाईपास-रोहतक-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी सिटी, रोहतक व झज्जर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14030 मेरठ कैंट-श्रीगंगानगर रेलसेवा 22 अप्रैल से 7 मई तक मेरठ कैंट से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग दिल्ली-रेवाड़ी-झज्जर-रोहतक-भिवानी बाईपास-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा झज्जर, रोहतक व भिवानी सिटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। अजमेर से शाम 5:50 बजे चलने वाली गाड़ी संख्या 12983 अजमेर-चंडीगढ रेलसेवा 2, 4 व 6 मई को परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी वाया झज्जर रोहतक होकर संचालित होगी। चंडीगढ़ शाम 7:45 पर चलने वाली गाड़ी संख्या 12984 चंडीगढ़-अजमेर गरीब रथ रेलसेवा 3, 5 व 7 मई को अपने परिवर्तित मार्ग रोहतक-झज्जर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। साबरमती से रात 8:55 पर चलने वाली गाड़ी संख्या 19415 साबरमती-कटरा रेलसेवा 27 अप्रैल व 4 मई को अपने परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रोहतक- भिवानी बाईपास-हिसार होकर संचालित होगी।